महत्वपूर्ण एवं खास

पंचायत चुनाव के लिए आज दूसरे दिन 382 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

» नामांकनों की कुल संख्या पहुंची 510 तक

न्यायसाक्षी/रायगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु आज विभिन्न पंचायत पदों के लिए कुल 382 लोगों ने नामांकन भरा। जिसमें जनपद पंचायत सदस्य के लिए 05, सरपंच के लिए 44 व पंच के लिए 333 लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अब तक जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 01, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 07, सरपंच के लिए 52 व पंचायत के लिए 450 लोग अपना नामांकन दाखिल कर चुके है। अब तक कुल नामांकन की संख्या 510 है। गौरतलब है कि 30 दिसम्बर से प्रारंभ हुए नामांकन का आज दूसरा दिन रहा। आगामी 6 जनवरी तक त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए नामांकन दाखिल किए जा सकते है।

आदर्श आचार संहिता लागू, शासकीय कर्मियों के अवकाश प्रतिबंधित

न्यायसाक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है, जो कि निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेगी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 की कार्यवाही संपन्न होने तक सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन)रायगढ़ अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जायेंगे व मुख्यालय भी नहीं छोड़ेंगे।

आशीष देवांगन के स्थान पर एक दिन के लिए श्रीमती सरस्वती बंजारे सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

न्यायसाक्षी/रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के संचालन हेतु 30 दिसम्बर 2019 से 6 जनवरी 2020 तक जनपद पंचायत क्षेत्र लैलूंगा, पुसौर एवं खरसिया के जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु एसडीएम आशीष कुमार देवांगन को कक्ष क्रमांक 14 न्यायालय नजूल अधिकारी रायगढ़ में सहायक रिटर्निंग आफिसर पंचायत नियुक्त किया गया है।
6 जनवरी 2020 को देवांगन नगरीय निकाय के शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। उक्त दिवस के लिए डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्रीमती सरस्वती बंजारे को उनके स्थान पर सहायक रिटर्निंग आफिसर पंचायत नियुक्त किया गया है।

विज्ञापन एजेंसियों को 15 दिन में प्रदर्शन शुल्क जमा करने का अल्टीमेटम

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन कार्य करने वाले सभी व्यक्ति/एजेंसी/फर्म/कंपनी को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा नगर निगम रायपुर की सीमा क्षेत्रान्तर्गत विधिवत अनुमति प्राप्त कर विज्ञापन बोर्ड लगाया गया है तथा वर्ष 2018-19 तक के प्रदर्शन शुल्क की पूर्ण राशि जमा नहीं करायी गई है। वे वर्ष 2018-19 तक के प्रदर्शन शुल्क की पूर्ण राशि 15 दिवस के भीतर नगर निवेष शाखा, मुख्यालय नगर पालिक निगम रायपुर में अनिवार्य रूप से जमा करा लेवें। 15 दिवस की अवधि पष्चात बकाया जमा नहीं करने वाले समस्त एजेंसी/विज्ञापनकर्ताओं द्वारा लगाये गये बोर्डो को चिन्हांकित किया जाकर इन बोर्डो को अवैध बोर्ड मानते हुए विज्ञापन उपविधि 2012 के कंडिका 6 (ज) के तहत '' अवैध होर्डिंग्स को हटाने तथा राजसात करने '' की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही ऐसे विज्ञापनकर्ता एजेंसियों का विज्ञापन पंजीयन निरस्त करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

जगतपुर स्वास्थ्य कैम्प में 112 मरीजों का हुआ इलाज

» बीपी, शुगर के साथ मौसमी बीमारियों के मरीज भी हुए लाभान्वित

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आज जगतपुर रायगढ़ में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 89 महिलाओं व 23 पुरूषों सहित कुल 112 मरीजों का इलाज किया गया। कैम्प में ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन, त्वचा व अन्य रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की जांच की गई। 30 लोगों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई, जिसमें 10 पीड़ित मिले। इसी प्रकार 53 लोगों ने शुगर की जांच करायी, जिसमें से 4

शुगर के मरीज पाये गये और हिमोग्लोबिन के 24 व्यक्तियों की जांच करने पर 15 में हिमोग्लोबिन की कमी मिली। उक्त रोगियों को दवाएं वितरित की गई। रोग से ठीक होने के संबंध में आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श व जीवन शैली संबंधी सलाह भी दी गई। कैम्प में 5 व्यक्ति त्वचा संबंधी समस्याओं के निदान के लिए पहुंचे थे, जिनका चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर दवाएं देकर त्वचा संबंधी परहेज व सावधानियां बतायी गई। कैम्प में पहुंचे कई अन्य व्यक्ति मौसमी बीमारियां सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित थे, उनकी भी जांच कर दवाईयां दी गई।

उक्त कैम्प में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.टी.के.साहू, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.सोनिया स्वर्णकार, एएमओ डॉ.कृष्णपुरी गोस्वामी, फार्मासिस्ट साखीराम पटेल, लैब टैक्नीशियन नीरज यादव व रंजीता प्रधान, पी.एल.पाणिग्राही, सलमा बानो व कमला सारथी सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

पंचायत निर्वाचन के लिए ऑनलाईन नामिनेशन पत्र भरने की सुविधा

न्याय साक्षी/रायगढ़। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका निर्वाचन 2019 में ऑनलाईन नामांकन पत्र भरने की सुविधा दिए जाने हेतु एक सॉफ्टवेयर-ONNO बनाया गया है।

नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान आयोग का यह अनुभव रहा है कि इस सॉफ्टवेयर का बेहतर उपयोग हुआ है और उसके उत्साहजनक परिणाम सामने आये है। अतः आयोग ने ONNO सॉफ्टवेयर का उपयोग पंचायत निर्वाचन 2019-20 में भी करने का निर्णय लिया है।

सॉफ्टवेयर के संबंध में व्यक्तिगत प्रशिक्षण पूर्व में दिया जा चुका है तथा आयोग की वेबसाईट www.cgsec.gov.in पर उपयोग की विधि के संबंध में भी निर्देश जारी किए गए है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अभ्यर्थियों के द्वारा उक्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से आसानी से अपना नामांकन ऑनलाईन दाखिल किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन पद्धति से जहां एक ओर अभ्यर्थियों को सुगम सुविधा प्राप्त होती है वहीं दूसरी ओर निर्वाचन कार्य से जुड़े तंत्र-राज्य निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी को कार्य करने में आसानी होती है। इसके साथ ही राज्य स्तर पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस पद्धति से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर महत्वपूर्ण सांख्यिकी आंकड़ों की जानकारी संकलित की जा सकती है।

सखी सेंटर ने भटकती युवती को सुरक्षित सौंपा परिजनों को

» विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश की तेलगू भाषी युवती भटक रही थी रायगढ़ में

न्यायसाक्षी/रायगढ़। सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ को 13 दिसम्बर 2019 को जूटमिल थाने के माध्यम से भटकती हुई अवस्था में एक पीड़िता मिली थी। पीड़िता से सखी सेंटर में बात करने से उसके तेलगू भाषी होने व हिन्दी का ज्ञान नहीं होने का पता चला।

जिससे बातचीत कर उसके बारे में जानकारी जुटा पाना संभव नहीं हो सका। तब महिला संरक्षण अधिकारी के द्वारा तेलगू भाषी मध्यस्थ के माध्यम से लायी गई पीड़ित युवती से बातचीत की गई जिससे उसके गृह ग्राम व संबंधियों के बारे में जानकारी मिली। उक्त जानकारी के आधार पर सखी वन स्टॉप

सेंटर रायगढ़ द्वारा आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा थाने से संपर्क कर पीड़िता के परिजन 20 दिसम्बर 2019 को शाम 7 विषय में सूचना दी गई और विजयवाड़ा के सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर पीड़िता के परिजनों को रायगढ़ से सखी सेंटर पहुंचाने की व्यवस्था हेतु बातचीत किया गया। पीड़िता के बजे बिलासपुर पहुंचे। वे भी हिन्दी भाषा से अनभिज्ञ थे। अतः बिलासपुर आरपीएफ से संपर्क कर पीड़िता के परिजनों के रात्रि आश्रय की व्यवस्था करवायी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा बिलासपुर आरपीएफ के समक्ष पीड़िता को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

23 दिसम्बर 2019 को पीड़िता द्वारा सुरक्षित विजयवाड़ा आंध्रप्रदेश पहुंच जाने की जानकारी मोबाईल के माध्यम से देते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ का आभार प्रकट किया।

गौठान में गायों को ठंड से बचाने लगाये गये मेट

गोकूल नगर गौठान का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर नगर निगम के आयुक्त षिव अनंत तायल ने आज गोकूल नगर स्थित गौठान का निरीक्षण किया। यहां से निकलने वाले कंडे को एक-दो जगहों पर अलाव जलाने हेतु परीक्षण करने के उन्होने निर्देश दिये। निगम के जोन क्रमांक 6 के जोन कमिश्नर विनय मिश्रा ने बताया कि आज शाम निगम आयुक्त तायल ने गोकूल नगर गौठान का निरीक्षण किया। वर्तमान में यहां साढे छः सौ गौवंष रखे गये है। उनकी देखरेख के लिये यहां पशु चिकित्सक की भी नियुक्ति की गई है। वर्तमान में चल रहे शीतलहर को देखते हुए यहां हरे मेट का घेरा लगाकर गौठान को ढका गया है। जिससे गायों को ठंड से बचाया जा सके।

ढाबे का कचरा बाहर फेंका, निगम ने ठोका 5-5 हजार रू. का जुर्माना

» होटल पिकाडली में मिली गंदगी

रायपुर (आरएनएस)। टाटीबंध के 2 ढाबे वाले कचरे को निगम की गाडी को देने के बदले बाहर खुले में फेंक रहे थे। निगम की टीम ने आज दोनो ढाबों वालों के खिलाफ 5-5 हजार रू. की जुर्माने की कार्यवाही की गई। वहीं पिकाडली होटल में गंदगी पाये जाने पर 5 हजार रू. का जुर्माना वसूला गया।

निगम के जोन क्रमांक 8 के लोककर्म विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज टाटीबंध क्षेत्र के होटल, ढाबों की जांच की गई। जोन के उपअभियंता अभिषेक गुप्ता ने बताया कि एमपी ढाबा तथा खाना कोठी ढाबा द्वारा निगम की गाडी को कचरा नहीं देने की षिकायत मिल रही थी। जिस पर आज दोनो ढाबों में जाकर जांच की गई। ढाबों के संचालकों द्वारा कचरे को पास में ही स्थित खुले जगह पर फेंकवाया जा रहा था। खुले प्लाट में ढाबे से निकली बासी भोजन, पन्नी, कागज आदि सामान भारी मात्रा में पड़े पाये गये। जिस पर ढाबा संचालकों के खिलाफ 5-5 हजार रू. की जुर्माने की कार्यवाही की गई। इधर मोहबाबाजार स्थित पिकाडली होटल की जांच में वहां गंदगी पायी गयी।

गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ : माता-पिता के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी ने दी ऑनलाईन परीक्षा

» माँ-बेटे ने एक साथ दी ऑनलाईन परीक्षा, नानी-पोती, ननद-भाभी एवं देवरानी-जेठानी ने भी दिलायी परीक्षा

रायपुर। (आरएनएस)। मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' अंतर्गत प्रदेश के ई-साक्षरता केन्द्रों में ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन 28, 30 एवं 31 दिसम्बर 2019 को आयोजित किया गया। रायपुर जिले के टिकरापारा ई-साक्षरता केन्द्र में कराटे की राष्ट्रीय खिलाड़ी सु प्रतिक्षा साखरे ने अपने पिता गणेश साखरे, माता नीता साखरे ने 30 दिवसीय पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् बाह्य मूल्यांकन में भाग लेकर सफलता प्राप्त की।

इसी प्रकार महासमुंद जिले में रूपा चंद्राकर एवं उनके बेटे योगेश चंद्राकर ने एक साथ परीक्षा दिलाई और दोनो ने परीक्षा में सफलता हासिल की। राजनांदगांव जिले में रमा हरिहारनो उम्र 60 वर्ष ने अपनी पोती कुमारी महक हरिहारनो के साथ केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं एक साथ ऑनलाईन मूल्यांकन में सम्मिलित होकर यह साबित किया कि सीखने की कोई उम्र नहीं है। इसी केन्द्र की शिक्षार्थी गुलेश्वरी साहू अपने पति गंगा साहू, बबीता साहू ने अपने पति जयप्रकाश साहू एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी रशीन खान कुरैशी ने केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा दिलाई। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण (स्रूू) के संचालक एवं सदस्य सचिव एस. प्रकाश के निर्देशन में देश में पहली बार शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरों के लिए गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 36 गढ़ में 36 केन्द्र प्रारंभ किया गया है। संचालक एस. प्रकाश ने बताया कि मार्च 2020 तक लगभग 5 हजार शिक्षार्थियों को डिजिटल साक्षर बनाए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ''गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़'' अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग के जिलों में 28 दिसम्बर, रायपुर, दुर्ग संभाग के जिलों में 30 दिसम्बर तथा बस्तर संभाग के जिलों में 31 दिसम्बर 2019 को छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (Chips) द्वारा आयोजित ऑनलाइन बाहय मूल्यांकन में लगभग 13 सौ 50 शिक्षार्थी सफल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480